जापान व मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा यूपी

- मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश आम महोत्सव का किया शुभारंभ
- रूस-अमेरिका में 900 रुपये किलो बिक रहा है दशहरी

लखनऊ में शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव के उद्घाटन समारोह के दौरान लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सूचना विभाग

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। 160 वर्षों के इतिहास में पहली बार लखनऊ के दशहरी आम को अमेरिका निर्यात किया जा रहा है। उप्र इस वर्ष जापान और मलेशिया को भी 40 टन आम निर्यात करेगा।

अवध शिल्प ग्राम में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2024 के शुभारंभ के मौके पर योगी ने किसानों को सरकार के साझा प्रयासों से वैश्विक बाजार में निर्यात की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया। कहा, विश्व के बाजार में उप्र का आम छा जाए इसके लिए गुणवत्ता ठीक करनी होगी और उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इस मौके पर उन्होंने फ्लैग आफ कर जापान के लिए 15 टन आम के कंटेनर को भी रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तमाम सुविधाएं व प्रोत्साहन आम उत्पादक किसानों को दे रही है। हमें देश ही नहीं दुनिया के बाजारों के लिए भी आम का उत्पादन करना है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपये किलो के बीच है, लेकिन वही दशहरी जब अमेरिका के बाजार में पहुंचा, तो इसका दाम 900 रुपये किलो हो गया है। अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और एयर फेयर का दाम भी जोड़ लें तो भी एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपये ही आएगी, ऐसे में किसान को एक किलो आम पर 600 रुपये की बचत होगी। उन्होंने कहा, उप्र के किसान 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत अकेले उप्र में होता है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार उनके हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेगी।

संबंधित खबर » 9 व जागरण सिटी